सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-232
20/05/2016

मुख्यमंत्री ने खरीफ अभियान 2016 के लिए 38 कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पटना, 20 मई 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय संवाद में खरीफ अभियान 2016 के लिए 38 कृषि रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कृषि रथों को रवाना करने के बाद में उन्होंने कृषि उत्पादन आयुक्त श्री विजय प्रकाश एवं कृषि सचिव को निर्देश दिया कि खरीफ उत्पादन कार्यक्रम 2016 में श्रीविधि से धान की खेती करायी जाय। जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष में धान की सीधी बुआई हो। सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में मौसम के अनुकूल फसल पद्धति के आधार पर प्रयोगात्मक खेती की जाय।

खरीफ अभियान 2016 का प्रमुख उद्देश्य कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को सर्वसाधारण को संसूचित करते हुये पारदर्शी तरीके से लागू कराना है। ग्राम/ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों के बीच कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार के लिए प्रत्येक जिला हेतु एक–एक कृषि रथ तैयार किया गया है, जो कृषि से संबंधित सूचनाओं तथा श्रव्य यंत्रों से युक्त है। जिस दिन संबंधित प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादन वितरण शिविर का कार्य संपन्न होगा, उसके एक या दो दिन पहले कृषि रथों को संबंधित प्रखण्ड अन्तर्गत गॉवों में घुमाया जायेगा ताकि किसानों के बीच इसका व्यापक प्रचार प्रसार हो और किसानों की सहभागिता अधिक से अधिक सुनिश्चित हो सके। प्रत्येक जिला में प्रखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण सह उपादान वितरण शिविर का आयोजन 24.05.2016 से किया जायेगा जो लगभग एक सप्ताह तक चलेगा। इसमें प्रथम दिन किसानों के कृषि संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण दिया जायगा तथा दूसरे दिन से चयनित किसानों को संचालित कार्यक्रम के लिए अनुदान पर उपादान उपलब्ध कराया जायेगा।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्री विजय प्रकाश ने बताया कि खरीफ अभियान 2016 में चावल 34.00, मक्का 4.75, अन्य मोटे अनाज 0.50 तथा दलहन 1.75 लाख हेक्टेयर आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कुल खाद्यान्न हेतु 41 लाख हेक्टेयर तथा तेलहनी फसलों के लिये 0.20 लाख हेक्टेयर आच्छादन का लक्ष्य रखा गया है। आच्छादन लक्ष्य के अनुसार वर्तमान वर्ष में चावल 95.20, मक्का 15.50, अन्य मोटे अनाज 0.50 तथा दलहन 1.90 लाख मेट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कुल खाद्यान्न का 113.10 लाख मेट्रिक टन तथा तेलहनी फसल हेतु 0.22 लाख मेट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है।

समारोह की अध्यक्षता कृषि मंत्री श्री रामविचार राय ने किया। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त श्री विजय प्रकाश, सचिव कृषि श्री नर्मदेश्वर लाल, कृषि निदेशक श्री बी0 कार्तिकेय, निदेशक उद्यान श्री अरविन्दर सिंह, निदेशक बामेती श्री गणेश राम सहित कृषि विभाग के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******